बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी०आर० ...../2026

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन (विलम्ब शुल्क के साथ) भरने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026 तक अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा राज्य के **इन्टरमीडिएट एवं माध्यमिक स्तर के** मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का समिति के वेबसाइट क्रमशः **इन्टरमीडिएट के लिए https://intermediate.biharboardonline.com** पर एवं **माध्यमिक के लिए** https://exam.biharboardonline.org **पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु दिनांक 31.10.2026 तक** अवधि विस्तार किया गया था।

2. **छात्रहित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन (विलम्ब शुल्क के साथ) भरने हेतु दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026 तक अंतिम रूप से अवधि विस्तार किया जाता है।**

3. **उक्त विस्तारित अवधि (दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026) के तहत शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क (विलम्ब शुल्क के साथ) जमा करते हुए इसी अवधि में परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जाएगा।**

4. जिन विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन शुल्क पूर्व से जमा है, किन्तु परीक्षा आवेदन **नहीं** भरा जा सका है, उनका परीक्षा आवेदन भी इस विस्तारित अवधि (दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026) में भरा जाएगा।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत सभी विद्यार्थियों का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 168/2026, पी०आर० 185/2026, पी०आर० 195/2026 एवं पी०आर० 228/2026 तथा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत सभी विद्यार्थियों का विज्ञप्ति संख्या विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 168/2026, पी०आर० 186/2026, पी०आर० 195/2026 एवं पी०आर० 225/2026 के माध्यम से डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों के सुधार हेतु तथा **डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर कर समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए** जाने हेतु अवसर दिया गया था। उक्त विज्ञप्तियों के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया था:–

> ***"इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए सूचीकृत/पंजीकृत वैसे विद्यार्थी जिनका अपना, माता/पिता/अभिभावक एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाएगा, उन्हें इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं माध्यमिक वार्षिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं तदनुसार उनका प्रवेश पत्र भी निर्गत नहीं किया जाएगा।"***

तदालोक में सत्र 2025–27 के इन्टरमीडिएट/माध्यमिक के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, को इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. उक्त के आलोक में शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, सिर्फ उन विद्यार्थियों का ही मूल सूचीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र इन्टरमीडिएट के लिए वेबसाइट https://intermediate.biharboardonline.com एवं माध्यमिक के लिए https://exam.biharboardonline.org **पर**

अपलोड किया गया है। इसके साथ ही उक्त वेबसाइट पर इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी अपलोड कर दिया गया है।

7. इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के लिए सूचीकृत/पंजीकृत वैसे विद्यार्थी, जिनका डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड में **त्रुटि सुधार तथा डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर कर** बार-बार दिए गए अवसर के बावजूद **समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है,** उनका समिति के पोर्टल पर सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड एवं ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा।

8. **यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालय/+2 विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क (विलम्ब शुल्क के साथ) जमा किया जाएगा। जिन विद्यालयों/+2 विद्यालयों/महाविद्यालयों की मान्यता/सम्बद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों/+2 विद्यालयों/महाविद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जाएगा।**

9. **अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के पूर्ववर्ती (Ex) विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के संबंध में:-** सत्र 2024-26 से राज्य के अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों में इन्टरमीडिएट स्तर की पठन-पाठन/नामांकन समाप्त कर दिया गया है। फलतः ऐसे संस्थानों में इन्टरमीडिएट के सत्र 2024-26 से नामांकन नहीं हुआ है, किन्तु उक्त संस्थानों में नामांकित सत्र 2024-26 के पूर्व के सत्रों के पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित शुल्क उन्ही अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के माध्यम से जमा किया जाएगा। अर्थात अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के सूचीकृत पूर्ववर्ती (Ex) पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित शुल्क (विलम्ब शुल्क के साथ) संबंधित अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालय द्वारा पूर्व में उन्हें प्रेषित यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर जमा किया जाएगा।

10. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर इन्टरमीडिएट के लिए हेल्पलाईन नं0-0612-2230039, 7488807882 अथवा E-mail Id:bsebinterhelpdesk@gmail.com एवं माध्यमिक के लिए हेल्पलाईन नं० हेल्पलाइन नं0-9430429722 अथवा bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

11. वर्णित आलोक में माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट स्तर के सभी शिक्षण संस्थान (अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालय सहित) के प्रधान, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा आवेदन पत्र हेतु निर्धारित शुल्क (विलम्ब शुल्क के साथ) दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026 तक परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरने/भरवाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

12. इन्टरमीडिएट के लिए परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरने के लिए विज्ञप्ति संख्या **पी०आर० 193/2026 एवं माध्यमिक के लिए विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 194/2026** की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

06/11/26

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

06/11/26 06/11/26

ज्ञापांक :-BSEB(SS)/ KEN/189/2025-929 पटना, दिनांक :- 06 / 11 / 2026

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी विद्यालयों/+2विद्यालयों/महाविद्यालयों के ई-मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं संबंधित विद्यार्थियों को

06/11/26

SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

2. सभी विद्यालय/+2 विद्यालय/महाविद्यालय (अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालय सहित) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/S S.S.B Pvt Ltd एवं M/S ANTIER SOLUTIONS PVT. LTD. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में निर्धारित किये गये समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन शिक्षण संस्थान की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस लिया जा चुका है, वैसे शिक्षण संस्थान से कदापि परीक्षा आवेदन नहीं भरा जा सके, इसके लिए अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड है, उनका मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान को परीक्षा आवेदन विस्तारित अवधि (दिनांक 07.11.2026 से 17.11.2026) में ऑनलाइन भरने हेतु बैठक/कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।
5. शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. प्रशाखा पदाधिकारी/कार्यवाह सहायक, कदाचार (मा०/उ०मा०) को वर्णित आलोक में निदेशित किया जाता है कि कदाचार मामले के कारण चिन्हित वैसे परीक्षार्थी जिन्हें इन्टरमीडिएट वार्षिक/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए वंचित किया गया है, अर्थात् जिनका परीक्षा आवेदन इस परीक्षा के लिए नहीं भरा जाना है, वैसे विद्यार्थियों की विवरणी सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में तैयार कर आई0टी0 प्रशाखा (उ०मा०) को अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए।
7. सभी उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
8. सभी नोडल पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
9. (i) उप निदेशक, आई0टी0 (मा०/उ०मा०)/सिस्टम एनालिस्ट (मा०/उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्था कराते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाए ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति एवं परीक्षा आवेदन भरने में असुविधा न हो। यह भी अनुरोध है कि जिन शिक्षण संस्थान की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे शिक्षण संस्थान की अद्यतन सूची निदेशक (शैक्षणिक) से प्राप्त कर इसके लिए आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि ऐसे शिक्षण संस्थान से विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जा सके।

   (ii) निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी विद्यालय/+2 विद्यालय/महाविद्यालयों (अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालय सहित) को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

   (iii) यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, उनके अभिभावक, मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थान के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं **अन्य संबंधितों के जानकारी** हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति को **समिति** के वेबसाइट **पर** अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

   (iv) साथ ही साथ कार्य की प्रगति के दैनिक अनुश्रवण हेतु एवं अन्य संगत कार्य के लिए अपने स्तर से किसी तकनीकी पदाधिकारी को नामित करते हुए प्रतिदिन की प्रगति से संध्या 06:00 बजे अवगत करायेंगे।

06/11/26

10. प्रशासनिक पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (उ०मा०), प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (उ०मा०) एवं वित्त पदाधिकारी तथा मुख्य लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक **कार्यार्थ प्रेषित।**
11. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि जिन शिक्षण संस्थान की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, जहाँ से विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाना है, वैसे शिक्षण संस्थनों की अद्यतन सूची उप निदेशक, आई0टी0 (उ०मा०) को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाए। साथ ही राज्य में चिन्हित जिन +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों से व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाना है, वैसे +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों एवं उसमें इन विषय/विषयों में अध्ययनरत् **विद्यार्थियों की निर्धारित संख्यात्मक विवरणी की सूची भी** उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।
12. **अध्यक्ष एवं सचिव के** आप्त सचिव, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०/उ०मा०) **को सूचनार्थ प्रेषित।**

6/11/26

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

06/11/26 6/11/26 6/11/26 6/11/26